भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 3064

सोमवार, 15 मार्च, 2021/ 24 फाल्गुन, 1942 (शक)

राजस्थान को जारी की गई धनराशि

3064. श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न योजनाओं के लिए राजस्थान सरकार को धनराशि जारी की है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान विभिन्न योजनाओं के लिए राजस्थान को जारी की गई कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जी हां। केंद्र सरकार, केंद्रीय करों और शुल्कों के विभाज्य पूल से कर अंतरण के तहत राज्यों को संसाधन तथा केंद्रीय बजट में दिए गए आवंटन के अनुसार सहायता-अनुदान प्रदान करती है, जिसमें केंद्र प्रायोजित योजनाएं (सीएसएस), केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं (सीएस) आदि शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में राजस्थान राज्य को अंतरित कुल निधियां नीचे तालिका में दी गई हैं:

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	शीर्ष	2017-18	2018-19	2019-20
1.	कर अंतरण	37028.03	41852.35	36049.14
2.	सहायता-अनुदान	23940.04	20037.32	29105.53

स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज और राज्य बजट दस्तावेज

****